कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राहुल पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी 71 ई/ 6 बी जवाहर नगर, कच्ची बस्ती 06 बी वार्ड नंबर 47, जयपुर राज. 302004

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय

अपील संख्या 54/2024

निर्णय दिनांक 29.10.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी सिकराय को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी सिकराय को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2024/3274 दिनांक 30.09.2024 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी सिकराय ने पत्र कमांकः आर.टी.आई./2024/388 दिनांक 21.10.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के पत्र कमांकः 382 दिनांक 04.10.2024 के द्वारा आवेदक को उपलब्ध करा दी गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:28:34 IST
Reason: SelfAttested